Govt.of MadhyaPradesh

Office of the Field Director

Panna Tiger Reserve

Panna, Madhya Pradesh, (India)

**Phone No.** +917732-252135 (O) **Fax,** +917732-252120

**E-mail:** fdptr82@gmail.com **Website:** www.pannatigerreserve.in

Panna Tiger Reserve

मध्य प्रदेश शासन

पन्ना टाईगर रिजर्व

# प्रेस नोट

## पन्ना का बाघ बांधवगढ़ में

पन्ना टाइगर रिजर्व में बाघों के पुनर्स्थापन के पश्चात गत 02 वर्षों में बाघों की संख्या लगातार बढ़ी है एवं इस कारण बाघों का डिस्पर्सल भी पन्ना टाइगर रिजर्व के बाहर होता रहा है। पार्क प्रबन्धन द्वारा गत एक वर्ष में समस्त उपलब्ध अभिलेखों को संग्रहित करते हुए पुनर्स्थापन एवं इसके पश्चात जन्मे बाघ की फोटो के द्वारा उनकी आई.डी. तैयार की गई है।

हाल ही में बांधवगढ़ एवं पन्ना से सम्बन्ध रखने वाले पर्यटकों के द्वारा बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में देखे जाने वाले एक बाघ जिसे टी–71 का नाम दिया गया है, उसे पन्ना का बाघ होने की शंका जताई जा रही थी। इस सन्दर्भ में इस बाघ की अधिकारिक फोटो क्षेत्र संचालक बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व से मगाई जाकर उसका सत्यापन किये जाने पर वह पन्ना टाइगर रिजर्व में उपलब्ध बाघ पी–213–21 नर से मिलान किया जाना पाया गया है। नर बाघ पी–213–21 का जन्म दिसम्बर 2013 में हुआ था एवं तत्पश्चात लगभग 2 वर्ष पश्चात यह बाघ पन्ना टाइगर रिजर्व से डिस्पर्स कर गया था।

उपरोक्तानुसार पन्ना टाइगर रिजर्व के बाघ को बांधवगढ़ में पाया जाना कॉरीडोर विद्यमान होना सिद्ध करता है एवं संभवतः पूर्व में भी इस प्रकार से बाघों का आना जाना होता रहा है।

''जय हिन्द''

दिनांक – 08.06.2017

क्षेत्र संचालक
पन्ना टाईगर रिजर्व, पन्ना